भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1424

गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**एमडीए योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देना**

**1424 श्री एस. सेल्वागनबेथीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विपणन विकास सहायता (एमडीए) योजना के अंतर्गत विदेशी बाजारों से पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हितधारकों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) विदेशी बाजारों में 'अतुल्य भारत' ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से जिन देशों का दौरा किया गया है, उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों में कोविड-19 के बाद भारत आए विदेशी पर्यटकों का राज्य-वार एवं संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान एमडीए योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय, विपणन विकास सहायता (एमडीए) योजना के अंतर्गत, विदेशी बाज़ारों से देश में पर्यटन के प्रचार और विपणन हेतु देश भर में अनुमोदित पर्यटन सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उद्योग की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप इस योजना की समीक्षा की जा रही है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय, देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और स्थलों के संवर्धन के लिए, पर्यटन सृजक बाज़ारों में भारत को एक समग्र गंतव्य के रूप में बढ़ावा देता है। मंत्रालय ने, विदेशी बाज़ारों में 'अतुल्य भारत' ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने के लिए, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय यात्रा व्यापार प्रदर्शनियों, मेलों और आयोजनों में भाग लिया है। वर्ष 2024-25 में, पर्यटन मंत्रालय ने संयुक्त अरब अमीरात में अरेबियन ट्रैवल मार्ट, जर्मनी में आईएमईएक्स, थाईलैंड में पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) ट्रैवल मार्ट, यूनाइटेड किंगडम में

वर्ल्ड टूरिज्म मार्ट, जर्मनी में इंटरनेशनेल टूरिज्म बोर्स और स्पेन में फेरिया इंटरनेशनल डी टूरिज्मो (एफआईटीयूआर) सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कार्यक्रमों में भाग लिया।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान एमडीए योजना के अंतर्गत किसी भी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई।

*******

**अनुबंध**

श्री एस. सेल्वागनबेथी द्वारा एमडीए योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1424 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2022, 2023 और 2024 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आंकड़ा निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | 2022 | 2023 | 2024 (अ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4,461 | 9,025 | 11,497 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,65,845 | 60,426 | 2,62,431 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश ($) | 1,055 | 3,816 | 4,210 |
| 4 | असम | 9,001 | 23,818 | 27,170 |
| 5 | बिहार | 86,829 | 5,46,576 | 7,36,720 |
| 6 | चंडीगढ़ | 28,439 | 31,498 | 39,058 |
| 7 | छत्तीसगढ | 238 | 953 | 3,485 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 1,791 | 4,049 | 2,626 |
| 9 | दिल्ली* | 8,15,713 | 18,28,116 | 19,99,410 |
| 10 | गोवा | 1,74,799 | 4,52,692 | 4,67,911 |
| 11 | गुजरात | 17,77,215 | 28,06,871 | 22,74,477 |
| 12 | हरियाणा | 2,439 | 1,346 | 1,265 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 29,333 | 62,806 | 82,765 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 19,985 | 55,337 | 65,452 |
| 15 | झारखंड | 1,92,319 | 1,89,261 | 45,273 |
| 16 | कर्नाटक | 1,28,520 | 4,09,333 | 4,85,204 |
| 17 | केरल | 3,45,549 | 6,49,057 | 7,38,374 |
| 18 | लद्दाख ($) | 21,259 | 36,315 | 39,704 |
| 19 | लक्षद्वीप | 125 | 755 | 898 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 2,04,454 | 1,82,685 | 1,67,535 |
| 21 | महाराष्ट्र* | 15,11,623 | 33,87,739 | 37,05,170 |
| 22 | मणिपुर | 3,908 | 3,668 | 2,518 |
| 23 | मेघालय | 7,774 | 19,973 | 20,023 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | मिज़ोरम ($) | 2,611 | 3,884 | 5,911 |
| 25 | नागालैंड | 2,923 | 4,725 | 5,623 |
| 26 | ओडिशा | 22,121 | 45,173 | 53,392 |
| 27 | पुदुचेरी | S862 | 31,214 | 17,819 |
| 28 | पंजाब | 3,29,458 | 7,41,734 | 5,41,784 |
| 29 | राजस्थान | 3,96,684 | 16,99,869 | 20,72,407 |
| 30 | सिक्किम | 68,645 | 93,908 | 84,820 |
| 31 | तमिलनाडु | 4,07,126 | 11,74,899 | 11,61,302 |
| 32 | तेलंगाना | 68,401 | 1,60,912 | 1,55,313 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,493 | 66,708 | 1,02,624 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 6,48,986 | 16,01,503 | 23,64,996 |
| 35 | उत्तराखंड ($) | 61,561 | 1,48,412 | 1,76,408 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 10,37,017 | 27,06,942 | 31,24,462 |
| | **कुल योग** | **85,87,562** | **1,92,45,998** | **2,10,50,037** |

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

*: अनुमानित आंकड़ा

$: संशोधित आंकड़ा

(अ): अनंतिम

******